1120172

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / **Question Booklet Serial No. : 101-**

# ANNUAL EXAMINATION – 2026

# CLASS IX

**विषय कोड :**
**Subject Code : 101**

## मातृभाषा हिन्दी

## HINDI ( MT )

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106

**Total Questions : 100 + 6 = 106**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)

[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

कुल मुद्रित पृष्ठ : 16

**Total Printed Pages : 16**

(पूर्णांक : 100)

[ Full Marks : 100 ]

---

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 **वस्तुनिष्ठ** प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं** । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें।** **50 × 1 = 50**

1. निम्न में कौन शब्द शुद्ध है ?
   (A) मान्यनीय
   (B) व्यावसायिक
   (C) प्रफूल्लित
   (D) दाइत्व

2. निम्न में कौन अशुद्ध शब्द है ?
   (A) चातुर्यता
   (B) उत्कर्ष
   (C) आनुषंगिक
   (D) अनुयायी

3. निम्न में कौन द्विगुण व्यंजन है ?
   (A) ड
   (B) ढ़
   (C) ण
   (D) न

4. 'किताब' शब्द का वर्ण-विच्छेद है
   (A) कि + ता + ब
   (B) क् + इ + त् + आ + ब् + अ
   (C) कि + त + आ + ब
   (D) क् + त् + अ + ब् + आ

5. निम्न में कौन ह्रस्व स्वर है ?
   (A) आ
   (B) ए
   (C) ओ
   (D) उ

6. वर्णों के क्रमबद्ध उच्चारण-समूह को क्या कहते हैं ?
   (A) वर्ण
   (B) अक्षर
   (C) वर्णमाला
   (D) ध्वनि

7. छंदशास्त्र में 'ह्रस्व' मात्रा को क्या कहते हैं ?
   (A) लघु
   (B) गुरु
   (C) दीर्घ
   (D) प्लुत

8. ‘चौबे’ का स्त्रीलिंग रूप है

(A) चौबिन (B) चौबाइन

(C) चौबेरानी (D) चौबेताइन

9. ‘झ’ का उच्चारण-स्थान है

(A) कंठ (B) तालु

(C) मूर्द्धा (D) दंत

10. निम्न में कौन अन्तःस्थ व्यंजन है ?

(A) य (B) फ

(C) द (D) न

11. निम्न में कौन ऊष्म व्यंजन नहीं है ?

(A) ह (B) ग

(C) स (D) ष

12. हिन्दी में अनुनासिक वर्णों की संख्या कितनी है ?

(A) चार (B) छह

(C) पाँच (D) तीन

13. एक ध्वनि जब दो व्यंजनों से संयुक्त हो जाए, तब वह कौन ध्वनि कहलाती है ?

(A) बलाघात (B) संपृक्त

(C) युग्मक (D) अनुतान

14. ‘जगदानंद’ शब्द किस संधि का उदाहरण है ?

(A) स्वर संधि (B) अयादि स्वर संधि

(C) व्यंजन संधि (D) विसर्ग संधि

15. ‘शयन’ का संधि-विच्छेद है

(A) शै + यन (B) शै + अन

(C) शे + अन (D) शे + यन

16. ‘दिग्गज’ का संधि-विच्छेद है

(A) दिक् + गज (B) दिक् + अक

(C) दिग् + गज (D) दिक + गज

17. 'सदैव' का संधि-विच्छेद है

(A) सद् + एव
(B) सत् + एव
(C) सदा + एव
(D) सदै + एव

18. 'काला सागर' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) भाववाचक
(B) जातिवाचक
(C) समूहवाचक
(D) व्यक्तिवाचक

19. 'जुलाहा' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) भाववाचक
(C) जातिवाचक
(D) समूहवाचक

20. निम्न में कौन पुंलिंग शब्द है ?

(A) शोभा
(B) रचना
(C) वस्तु
(D) गीत

21. निम्न में कौन स्त्रीलिंग शब्द है ?

(A) मुख
(B) जलज
(C) मति
(D) नृत्य

22. कारकों के बोध के लिए संज्ञा या सर्वनाम के आगे जो प्रत्यय ( चिह्न ) लगाए जाते हैं, उन्हें व्याकरण में क्या कहते हैं ?

(A) समास
(B) संगम
(C) अनुतान
(D) विभक्तियाँ

23. 'शुभम सुरेश को रुपये देता है ।' – इसमें कौन कारक है ?

(A) कर्म
(B) कर्त्ता
(C) अधिकरण
(D) संप्रदान

24. 'आरती कुछ खा रही है ।' – इसमें 'कुछ' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निजवाचक
(B) निश्चयवाचक
(C) अनिश्चयवाचक
(D) संबंधवाचक

25. 'प्रतीक बहुत तेज दौड़ता है ।' – इसमें कौन शब्द प्रविशेषण है ?

(A) प्रतीक
(B) बहुत
(C) तेज
(D) दौड़ता है

26. 'झूठा आदमी' – इसमें कौन विशेषण है ?

(A) सार्वनामिक विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण
(D) तुलनात्मक विशेषण

27. निम्न में कौन विकल्प नामधातु का उदाहरण है ?

(A) लिखना
(B) चलना-चलाना
(C) जगना
(D) चिकनाना

28. 'राम आया है' – यह किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमानकाल
(B) भूतकाल
(C) संदिग्ध भूतकाल
(D) भविष्यतकाल

29. निम्न में कौन देशज शब्द है ?

(A) आराम
(B) जेल
(C) चमचा
(D) डिबिया

30. निम्न में कौन तत्सम शब्द है ?

(A) वत्स
(B) परवाह
(C) बच्चा
(D) फूल

31. निम्न में कौन तद्भव शब्द है ?

(A) भक्त
(B) सूचि
(C) क्षीर
(D) हल्दी

32. 'आक्रोश' शब्द में उपसर्ग है

(A) अ
(B) आ
(C) क्रोश
(D) अव

33. 'अनमोल' शब्द में उपसर्ग है

(A) अन
(B) आ
(C) मोल
(D) उद्

34. 'परिणाम' शब्द में उपसर्ग है

(A) परि
(B) णाम
(C) प्र
(D) परा

35. 'संस्कृत' शब्द में उपसर्ग है

(A) सु
(B) आ
(C) कृत
(D) सम्

36. 'त्यागी' शब्द में प्रत्यय है

(A) गी
(B) इ
(C) ई
(D) यागी

37. 'पूजनीय' शब्द में प्रत्यय है

(A) इय
(B) ई
(C) अनीय
(D) पूज

38. 'कुलीन' शब्द में प्रत्यय है

(A) अ
(B) इन
(C) ईन
(D) कुल

39. 'वीरत्व' शब्द में प्रत्यय है

(A) आ
(B) अ
(C) त्व
(D) वीर

40. 'अनीति' का विशेषण है

(A) अनीतिक
(B) आनैतिक
(C) अनैतिक
(D) अनेती

41. 'काल' का विशेषण है

(A) कलाई
(B) कालिनी
(C) कालु
(D) कालिक

42. 'खर्च' का विशेषण है

(A) खर्चित
(B) खर्चीला
(C) खारचीला
(D) खर्चुला

43. निम्न में कौन विकल्प अधिकरण तत्पुरुष समास का उदाहरण है ?

(A) नीतियुक्त
(B) शराहत
(C) आपबीती
(D) पराधीन

44. 'आचारकुशल' में कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) नञ्

(C) द्वन्द्व (D) तत्पुरुष

45. 'सदेह' में कौन समास है ?

(A) नञ् (B) अव्ययीभाव

(C) बहुव्रीहि (D) द्विगु

46. 'यथाशीघ्र' में कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) तत्पुरुष

(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

47. 'दीपा नहीं पढ़ती है ।' – यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) आज्ञावाचक (B) निषेधवाचक

(C) संकेतवाचक (D) इच्छावाचक

48. 'तुम पढ़ते तो मैं भी पढ़ता ।' – यह किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) प्रश्नवाचक वाक्य (B) सरल वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) संयुक्त वाक्य

49. निम्न में कौन शुद्ध वाक्य है ?

(A) वह अन्यायी करता है । (B) रवि झूठी बोलता है ।

(C) तुम्हारा नाम क्या है । (D) हिन्दी हमारी सजीव भाषा है ।

50. 'नाच न जाने आँगन टेढ़ा' – लोकोक्ति का अर्थ है

(A) बहुत अच्छा नर्तक होना (B) काम न जानना और बहाना बनाना

(C) मन लगाकर काम करना (D) टेढ़े आँगन को सीधा करना

51. 'चाँद पर थूकना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) व्यर्थ निन्दा करना (B) बेफिक्र होना

(C) प्रशंसा करना (D) आदरणीय व्यक्ति को आदर देना

52. 'जिसका तेज निकल गया हो' – वाक्यखंड के लिए एक शब्द है

(A) निस्सार (B) तेजस्वी

(C) निस्तेज (D) प्रकाशित

53. 'सजल' का विलोम शब्द है

(A) निर्लज (B) निर्जन

(C) निर्झर (D) निर्जल

54. 'वियोग' का विलोम शब्द है

(A) संन्यास (B) विरह

(C) मिलन (D) बिछुरन

55. 'रत' का विलोम शब्द है

(A) महारत (B) विरत

(C) सूरत (D) मूरत

56. 'पुष्प' का पर्यायवाची शब्द है

(A) प्रसून (B) शिलीमुख

(C) नाराच (D) चपला

57. 'मछली' का पर्यायवाची शब्द है

(A) अचल (B) मत्स्य

(C) सुधी (D) हर

58. जनेऊ के अधिकारी कुमार को लोकगीतों में क्या कहा जाता है ?

(A) दुल्हा (B) पहुना

(C) सजनवा (D) बरुआ

59. निम्न में कौन इसराज वाद्य के वादक हैं ?

(A) पंडित चन्द्रिका दुबे (B) रामेश्वर पाठक

(C) पं० सियाराम तिवारी (D) सुदीन पाठक

60. "या कुन्देन्दु तुषार हार धवला" को अपने पखावज से शब्दशः कौन ध्वनित कर देते थे ?

(A) लल्लन बाबू (B) विष्णुदेव पाठक

(C) पं० द्वारिका मिश्र (D) अजय ठाकुर

61. बिरजू महाराज की शिष्या निम्न में कौन हैं ?

(A) कमला जी (B) राधिका जी

(C) शोभना जी (D) अर्पणा जी

62. पटना कलम चित्रों के मुख्य ग्राहक कौन थे ?

(A) कृषक (B) अंग्रेज व्यापारी

(C) ग्रामीण (D) दक्षिण भारतीय

63. 'कहानी का प्लॉट' शीर्षक पाठ के लेखक हैं

(A) शरद जोशी (B) अनुपम मिश्र

(C) रामकुमार (D) शिवपूजन सहाय

64. 'समुद्र' शीर्षक कविता के कवि हैं

(A) सीताकांत महापात्र (B) विजय कुमार

(C) लीलाधर जगूड़ी (D) हरिऔध

65. 'कहानी का प्लॉट' के मुंशीजी की पुत्री का नाम क्या था ?

(A) फूलमती (B) सरोजिया

(C) भगजोगनी (D) सुनरिया

66. आदिकवि कौन हैं ?

(A) कालिदास (B) वाल्मीकि

(C) तुलसीदास (D) कबीरदास

67. बिरजू ने लेटे-ही-लेटे किसको एक डंडा लगा दिया ?

(A) बिल्ली को (B) कुत्ता को

(C) तोता को (D) बागड़ को

68. पठित पाठ के अनुसार जे० एफ० मादन कौन थे ?

(A) एक पारसी व्यवसायी (B) एक यहूदी व्यवसायी

(C) एक सिख व्यवसायी (D) एक मुस्लिम व्यवसायी

69. अष्टावक्र बोलने में साधारण आदमी के अनुपात से कितना समय लेता है ?

(A) दोगुना (B) तिगुना

(C) आधा (D) चौगुना

70. 'आना करीनिना' के रुपयों से टॉल्सटाय ने क्या खरीदा था ?

(A) घड़ी
(B) कोट
(C) घोड़ा
(D) बगीचा

71. रेगिस्तान के लिए आज प्रचलित शब्द है

(A) रीति
(B) वोज
(C) थार
(D) जसढोल

72. अच्छे निबंध के लिए किसकी आवश्यकता होती है ?

(A) कल्पनाशक्ति की
(B) अज्ञानता की
(C) अकल्पनाशीलता की
(D) अतार्किकता की

73. लीलावती के भतीजे का नाम था

(A) सुमंत
(B) सुरेश
(C) नरेश
(D) (B) और (C) दोनों

74. रवीन्द्रनाथ ठाकुर के अनुसार हमारी शिक्षा में बाल्यकाल से ही किसके लिए स्थान नहीं होता है ?

(A) खोज के लिए
(B) बातचीत के लिए
(C) आनंद के लिए
(D) व्यवसाय के लिए

75. कवि रैदास ने प्रभु को मोती कहते हुए स्वयं को क्या कहा है ?

(A) चकोरा
(B) सुहागा
(C) पानी
(D) धागा

76. 'अष्टावक्र' शीर्षक पाठ की विधा है

(A) निबंध
(B) एकांकी
(C) रिपोर्ताज
(D) रेखाचित्र

77. 'रेल-यात्रा' शीर्षक पाठ की विधा है

(A) व्यंग्य
(B) एकांकी
(C) निबंध
(D) कविता

78. 'रुको बच्चों' शीर्षक पाठ की विधा है

(A) कहानी
(B) कविता
(C) संस्मरण
(D) रिपोर्ताज

79. 'कुछ सवाल' शीर्षक कविता के कवि हैं

(A) पाब्लो नेरुदा
(B) राजेश जोशी
(C) लीलाधर जगूड़ी
(D) केदारनाथ अग्रवाल

80. निम्न में कौन शीर्षक पाठ की विधा कहानी है ?

(A) पलक पाँवड़े
(B) पधारो म्हारे देश
(C) सूखी नदी का पुल
(D) कड़बक

81. गुरुगोविंद सिंह की वाणी में किन रसों की प्रधानता है ?

(A) शृंगार एवं करुण
(B) करुण एवं भक्ति
(C) भक्ति एवं वात्सल्य
(D) शांत एवं वीर

82. कवि हरिऔध के अनुसार क्या देखते आँखें थक गई हैं ?

(A) गगन
(B) नदियाँ
(C) राह
(D) कलियाँ

83. कवयित्री महादेवी वर्मा के अनुसार दुकूल कौन बुनते हैं ?

(A) नभ के सप्त रंग
(B) नभ के नव रंग
(C) नभ के चीर वसन
(D) नभ के आंचल रंग

84. कवि बच्चन के अनुसार रवि की सवारी आने पर किसकी फौज मैदान छोड़कर भाग गई ?

(A) तारकों की
(B) विहगों की
(C) चारणों की
(D) किरणों की

85. कवि केदारनाथ अग्रवाल के अनुसार जहाँ क्लेश है, वहाँ आजादी के बाद क्या होगा ?

(A) झरना बहेगा
(B) मोर नृत्य करेगा
(C) शोषण होगा
(D) फूल खिलेगा

86. पठित पाठ के अनुसार जो जरूरी नहीं है उसे त्यागने की कसम किसने खा ली है ?

(A) कवि लीलाधर जगूड़ी ने (B) कवि हरिऔध ने

(C) कवि मंझन ने (D) कवयित्री महादेवी वर्मा ने

87. कवि राजेश जोशी के अनुसार किसे कहीं नहीं पहुँचना है ?

(A) पुलिस अफसर को (B) मंत्री को

(C) न्यायाधीश को (D) अफसर को

88. पठित कविता के अनुसार निम्मो ने सालों से किसके पास खत नहीं लिखा ?

(A) पिताजी के पास (B) बहन के पास

(C) पति के पास (D) अम्मा के पास

89. कवि सीताकांत महापात्र के अनुसार समुद्र किस भाषा में कहता रहता है ?

(A) शांत भाषा में (B) मौखिक भाषा में

(C) अबूझ भाषा में (D) गंभीर भाषा में

90. पाब्लो नेरुदा को नोबेल पुरस्कार कब प्राप्त हुआ ?

(A) 1965 में (B) 1973 में

(C) 1978 में (D) 1980 में

91. साहित्यकार के साथ-साथ कौन एक सफल प्रशासक के रूप में भी खूब चर्चित हुए ?

(A) शिवपूजन सहाय (B) फणीश्वरनाथ रेणु

(C) सीताकांत महापात्र (D) हरिऔध

92. 'ठेठ हिन्दी का ठाठ' किसने लिखा है ?

(A) रामकुमार ने (B) हरिऔध ने

(C) अमृतलाल नागर ने (D) केदारनाथ अग्रवाल ने

93. 'रहीम' शब्द का अर्थ है

(A) जो निष्ठुर हो (B) जो राजा हो

(C) जो दया करे (D) जो अनैतिक हो

94. काशी हिंदू विश्वविद्यालय में किसने अवैतनिक प्राध्यापक के रूप में अपना योगदान दिया ?

(A) हरिऔध ने
(B) महादेवी वर्मा ने
(C) राजेश जोशी ने
(D) विजय कुमार ने

95. 'अंजोरा' शब्द का अर्थ है

(A) अंधेरा
(B) प्रकाश
(C) कुहासा
(D) निराशा

96. गुरुगोविंद सिंह किसके समकालीन थे ?

(A) अकबर के
(B) शेरशाह शूरी के
(C) औरंगजेब के
(D) जहाँगीर के

97. पठित पाठ के अनुसार स्टार थियेटर की स्थापना किसने की ?

(A) मिस्टर जॉन ने
(B) मिस्टर सेनफ्रिंसियो ने
(C) मिस्टर स्टीवेंशन ने
(D) मिस्टर एम्ब्रिनो ने

98. 'सुहाग के नूपुर' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) रामकुमार
(B) लीलाधर जगूड़ी
(C) विष्णु प्रभाकर
(D) अमृतलाल नागर

99. 'ढिबरी' शब्द का अर्थ है

(A) दीया
(B) लैम्प
(C) लालटेन
(D) आग

100. 'कहानी का प्लॉट' शीर्षक पाठ में वर्णित दारोगाजी जो कुछ कमाये थे, उसका क्या किये ?

(A) अपने समय में ही दान-पुण्य कर डाले
(B) गरीब और असहायों को दे दिये
(C) अपनी जिंदगी में ही फूँक-ताप डाले
(D) रिश्तेदारों के लिए बचाकर रखे ।

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : $5 \times 2 = 10$

(क) आय के अभाव का गरीबी से घनिष्ठ संबंध है। बहुत कम आय के कारण ही बहुत लोग घोर दरिद्रता में जीवनयापन करते हैं। आय की सुलभता नहीं होने के कारण ही बहुत लोग जीवन की मूलभूत आवश्यक सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। शिक्षा के अभाव में पीढ़ी-दर-पीढ़ी गरीब रह जाती है। गरीब व्यक्ति स्वयं के तकदीर को भाग्य के भरोसे नहीं बदल सकता। गरीबी को शिक्षा एवं मेहनत के दम पर दूर किया जा सकता है। गरीब होना कोई अभिशाप नहीं है बल्कि हाथ पर हाथ रखकर गरीबी का रोना रोना अभिशाप है। गरीबी की मार सहकर सफल हुआ व्यक्ति हीरा की तरह होता है।

(i) आय के अभाव का किससे घनिष्ठ संबंध है ?

(ii) आय की सुलभता नहीं होने से क्या होता है ?

(iii) शिक्षा के अभाव में क्या होता है ?

(iv) गरीबी को कैसे दूर किया जा सकता है ?

(v) हीरा की तरह कौन होता है ?

(ख) खेलना मानव की प्रवृत्ति है, वह इसे छोड़ नहीं सकता। शिशु, किशोर, युवा, प्रौढ़, या वृद्ध सभी किसी-न-किसी खेल में रुचि अवश्य लेते हैं। अत्यंत अशक्त वृद्ध व्यक्ति भी बच्चों के साथ खेलकर या उन्हें खेलाकर आनंद का अनुभव करते हैं। सिर्फ मनुष्य ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों में भी खेल की नैसर्गिक प्रवृत्ति पाई जाती है। मनोरंजन के अनेक साधनों में से एक साधन खेल है। खेल से सिर्फ व्यक्ति का मन ही प्रसन्नचित्त नहीं रहता, बल्कि इससे शरीर भी स्वस्थ और बलिष्ठ रहता है। खेलने से जीवन का तनाव भी दूर हो जाता है।

(i) खेलना किसकी प्रवृत्ति है ?

(ii) आनंद का अनुभव वृद्ध व्यक्ति कैसे प्राप्त करते हैं ?

(iii) मनुष्य के अतिरिक्त खेल की नैसर्गिक प्रवृत्ति किसमें पाई जाती है ?

(iv) खेलने से क्या दूर हो जाता है ?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दें।

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। $5 \times 2 = 10$

(क) भारत की प्रसिद्धि विश्वगुरु के रूप में रही है। ज्ञान की किरणें सर्वप्रथम यहीं फूटीं थीं। वेदों की ऋचाओं की रचना भी इसी भारत की भूमि पर हुई है। इस भूमि पर सिर्फ वेदों की ही नहीं, बल्कि विश्व की सर्वश्रेष्ठ कृतियों में शुमार गीता, महाभारत एवं रामायण की रचना भी यहीं हुई है। इसी भारत की भूमि पर अनेक महान् ज्ञानी, विज्ञानी तथा मनीषियों का जन्म हुआ है। प्राचीनकाल से ही भारत अपने अद्‌भुत गुणों, विचारों एवं भव्यता से विदेशियों को लुभाता रहा है। यह देश अपनी मनोहरता, सभ्यता एवं संस्कृति के कारण धरती पर ही स्वर्ग का टुकड़ा है।

(i) विश्वगुरु के रूप में किसकी प्रसिद्धि है ?

(ii) वेदों की ऋचाओं की रचना कहाँ हुई है ?

(iii) विश्व की श्रेष्ठ कृतियों में शुमार रचनाएँ कौन हैं ?

(iv) भारत की भूमि पर किनका जन्म हुआ है ?

(v) भारत विदेशियों को कैसे लुभाता रहा है ?

(ख) भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि कवि के रूप में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का नाम हिन्दी साहित्य के फलक पर हमेशा अमर रहेगा। मैथिलीशरण गुप्त का जन्म बुंदेलखंड के झाँसी जनपद के चिरगाँव नामक ग्राम में हुआ था। इनकी लेखनी लगभग अर्द्धशती तक साहित्य सेवा करती रही। गुप्तजी के साहित्य में राष्ट्रीयता का स्वर प्रमुख रूप से मुखरित है। गुप्तजी ने हिन्दी साहित्य के भंडार को अपनी रचनाओं से समृद्ध किया। इनकी रचनाओं में भारत की पुरानी संस्कृति की अस्मिता झलकती है। भारत माँ के इस कलमवीर सपूत ने जब 'भारत भारती' की रचना की तब देश में राष्ट्रीयता की बलवती धारा उमड़ पड़ी, जिससे अंग्रेजी सरकार के होश उड़ गये। राष्ट्रीयता की वेगवती धारा को देखते हुए अंग्रेजी हुकूमत ने इस रचना को जब्त कर लिया। मैथिलीशरण गुप्त के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।

(i) हिन्दी साहित्य के फलक पर किसका नाम अमर रहेगा ?

(ii) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कहाँ हुआ था ?

(iii) गुप्तजी के साहित्य में कौन-सा स्वर प्रमुख रूप से मुखरित है ?

(iv) अंग्रेजी हुकूमत ने किस रचना को जब्त कर लिया ?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दें।

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) मेरे जीवन का लक्ष्य
(ख) मजहब नहीं सिखाता आपस में वैर रखना
(ग) प्रकृति-वर्णन
(घ) सदाचार
(ङ) होली ।

4. गृहप्रवेश का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र के पास एक पत्र लिखें । 5

**अथवा**

भारतीय होने के गर्व पर दो छात्रों के आपसी संवाद को लिखें ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें : 5 × 2 = 10

(i) समास को परिभाषित करते हुए उसके भेदों को लिखें ।

(ii) अमृतलाल नागर के अनुसार पृथ्वीराज कपूर कौन थे ?

(iii) 'बिहार में नृत्यकला' शीर्षक पाठ के अनुसार मगह में किस लोकनृत्य का प्रचलन था ?

(iv) गुरुगोविंद सिंह की किन्हीं चार रचनाओं के नाम लिखें ।

(v) महादेवी वर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(vi) कवि केदारनाथ सिंह के अनुसार विद्या की खेती का अभिप्राय क्या है ?

(vii) मेरा ईश्वर मुझसे नाराज है । कवि ऐसा क्यों कहता है ?

(viii) पठित पाठ के अनुसार ग्राम-गीतों की प्रकृति क्या है ?

(ix) चिड़चिड़ापन अष्टावक्र की माँ का चिरसंगी क्यों बन गया था ?

(x) टॉल्सटाय ने अपनी समाधि के विषय में क्या कहा था ?

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखें : 1 × 5 = 5

(क) ''कैसे जानती हैं जड़ें
कि उन्हें उजाले की ओर चढ़ना ही है ?'' - भाव स्पष्ट करें ।

(ख) ''भारतीय रेलें हमें जीवन जीना सिखाती हैं ।''- ससंदर्भ व्याख्या करें ।